उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की व्यक्तिगत उद्यमियों को बैंकों से वित्त पोषण उपलब्ध कराने की "मुख्य मंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना"

1. उद्देश्य

ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती बेरोजगारी का समाधान करने, ग्रामीण शिक्षितों का शहरों की ओर पलायन को हतोत्साहित करने तथा अधिक से अधिक रोजगार का अवसर गॉव में ही उपलब्ध कराने के ध्येय से प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के **व्यक्तिगत उद्यमियों को रु 10.00 लाख तक** की वित्तीय सहायता बैंकों के माध्यम से दिलाया जाना है। इस योजना के अन्तर्गत सामान्य वर्ग के लाभार्थियों हेतु **4 प्रतिशत** से अधिक, शेष ब्याज की धनराशि ब्याज उपादान के रूप में उपलब्ध करायी जायेगी तथा **आरक्षित वर्ग के लाभार्थियों (अनुसूचित जाति, अनु जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विकलांग, महिलायें एवं भूतपूर्व सैनिक) को जिला योजना के अन्तर्गत ब्याज की पूर्ण धनराशि ब्याज उपादान के रूप में उपलब्ध कराया जायेगा।** व्यवसायिक बैंको तथा ग्रामीण बैंकों द्वारा उनके सेवा क्षेत्र में सम्बन्धित गॉव या ग्रामीण क्षेत्र स्थित हो, नियमानुसार ऋण उपलब्ध कराया जायेगा जनपदों में योजनाधिकारी के सीधे नियंत्रण में खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा क्रियान्वित की जायेगी।

2. योजना की अवधि

यह योजना इस अधिसूचना के जारी होने की तिथि से **अगले 5 वर्षों** तक लागू रहेगी।

3. कार्यक्षेत्र

उ0प्र0 पंचायतराज अधिनियम के उपबन्धों के अधीन समय–समय पर शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र परिभाषित तथा अखिल भारतीय खादी ग्रामोद्योग आयोग/रिजर्व बैंक आफ इण्डिया द्वारा समय–समय पर परिभाषित ग्रामीण क्षेत्र।

4. पात्र उद्यमी

इस योजना के अन्तर्गत मुख्य रूप से निम्नलिखित वरीयता क्रम में उद्यमियों को लाभान्वित किया जायेगा।

1. आई0टी0आई0 व पालीटेक्निक संस्थाओं से तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त बेरोजगार नवयुवकों को योजना में प्राथमिकता दी जायेगी।
2. शिक्षित बेरोजगार नवयुवक जिनकी सरकारी सेवा की आयु समाप्त हो गयी हो।
3. एस0जी0एस0वाई0 तथा शासन की अन्य योजनाओं के अन्तर्गत प्रशिक्षित अभ्यर्थी
4. परम्परागत कारीगर।
5. स्वतः रोजगार में रूचि रखने वाली महिलाएं।

PDF created with pdfFactory Pro trial version www.pdffactory.com

6. व्यवसायिक शिक्षा (10+2) के अन्तर्गत ग्रामोद्योग विषय लेकर उत्तीर्ण अभ्यर्थी।
7. इस योजना के अन्तर्गत उन अभ्यर्थियों को भी शामिल किया जा सकता है, जिन्होंने रोजगार हेतु सेवायोजन कार्यालय में अपना रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित जिलों के सेवा योजना कार्यालय में करा रखा है।

5. लाभार्थियों का चयन

1. लाभार्थियों का चयन उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड/शासन द्वारा समय–समय पर गठित चयन समिति द्वारा या जिले स्तर पर अन्य राज्य पुरोनिधानित योजना/योजनाओं हेतु जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी/परगना अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा चयनित उद्यमी ही इस योजना के पात्र हो सकते हैं। प्रत्येक दशा में यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि उद्यमी को ऋण लेने से पूर्व वांछित प्रशिक्षण प्राप्त हो और उसके पास स्वयं का अंशदान उपलब्ध हो, तथा यह मूल रूप से ग्राम का निवासी हो, अथवा ग्रामीण क्षेत्र में अपना उद्योग लगाना चाहता हो।

6. लाभार्थियों के चयन के मापदण्ड

1. लाभार्थियों की आयु **18 वर्ष कम नही, तथा 50 वर्ष** से अधिक न हो।
2. 50 प्रतिशत तक अनुसूचित जाति/जनजाति/ पिछड़ी जाति के लाभार्थी।
3. स्थानीय कच्चे माल की उपलब्धता का आंकलन करके चयनित व्यक्तियों के लिये ग्रामोद्योग इकाई निर्धारित की जायेगी।
4. स्थानीय उपभोक्ताओं की दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं के उपादान की इकाईयॉ स्थापित करने में वरीयता दी जायेगी।

7. ऋण सीमा

इस योजना के अन्तर्गत सभी पात्र उद्यमियों को सावधि ऋण/कार्यशील पूंजी सम्मिलित करते हुए **रु0 10.00 लाख तक** के बैंक ऋण पर ब्याज उपादान देय होगा। सामान्य वर्ग के उद्यमियों द्वारा **प्रोजेक्ट लागत का 10 प्रतिशत अंशदान** तथा अनुसूचित जाति/जनजाति/महिला/विकलांग/अल्पसंख्यक/ भूतपूर्व सैनिक वर्ग के उद्यमियों को प्रोजेक्ट लागत का **पॉच प्रतिशत अंशदान** स्वयं वहन करना होगा।

8. जमानत/अंशदान/प्रतिभूति एवं मार्जिन मनी

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशानुसार मार्जिन मनी/जमानत व प्रतिभूति की शर्त अनुमन्य होगी। **जमानत की राशि रु0 5.00 लाख के ऋण हेतु भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बंधकमुक्त हैं।**

9. पुनर्वित्त

इस योजना के अन्तर्गत सम्मिलित की गयी योजनाओं जिसमें सावधि ऋण एवं कार्यशील पूंजी दोनों मदों हेतु बैंकों द्वारा ऋण दिये जायेंगे, पर राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक व लघु उद्योग विकास बैंक द्वारा पुनर्वित्त दिया जायेगा जिसकी सूचना समय–समय पर इनके द्वारा बैंक को भी प्रेषित की जायेगी।

PDF created with pdfFactory Pro trial version www.pdffactory.com

10. ब्याज उपादान पात्रता प्रमाण–पत्र

इस योजना के अन्तर्गत बैंक ऋण स्वीकृति पर ब्याज उपादान दिये जाने हेतु पात्रता प्रमाण पत्र जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा तथा

नवीनीकरण भी सम्बन्धित जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा जारी किया जायेगा। प्रमाण पत्र का प्रारूप **परिशिष्ट "क"** पर संलग्न है।

11. ब्याज उपादान दावों का भुगतान

यह योजना उ0प्र0 शासन द्वारा संशोधित की जा रही है, (जिसके लिये ब्याज उपादान का प्राविधान वर्ष 1994–95 हेतु जिला योजना आवंटित कोड संख्या 2851–40100 द्वारा किया गया तथा संशोधित योजना हेतु यथावत लागू रहेगा।) कालान्तर में निर्धारित कोड संख्या के अन्तर्गत बजट का प्राविधान कर इसको स्थायित्व दिया जायेगा। जिला योजना में उपलब्ध उक्त धनराशि सम्बन्धित खाते से आहरित कर भारतीय स्टेट बैंक की कोई भी शाखा जिले के अग्रणी बैंक की मुख्यालय पर स्थिति शाखा/योजनान्तर्गत वित्त पोषण में अधिकतम सहयोग प्रदान करने वाली बैंक शाखा में रखा जायेगा, जिसमें आहरण/परिचालन का अधिकारी, सम्बन्धित जिला ग्रामोद्योग अधिकारी/प्रबन्धक (ग्रामोद्योग) को प्राविधानित किया जायेगा। उक्त धनराशियों में से खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रारूप पर बैंक की शाखा द्वारा ब्याज उपादान दावा बिल जिला ग्रामोद्योग अधिकारी नियमानुसार भुगतान करेंगे। भुगतान सम्बन्धित बैंक शाखा को किया जायेगा। भुगतान चेक/बैंक ड्राफ्ट द्वारा किया जायेगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी इस सम्बन्ध में पूर्ण विवरण इकाईवार/उद्योगवार एक रजिस्टर पर तैयार करेंगे जिसकी सूचना प्रत्येक माह निर्धारित रूप–पत्रों पर मुख्यालय को प्रेषित करेंगे जिसका अनुश्रवण मुख्यालय के "मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना" अनुभाग द्वारा किया जायेगा इस सम्बन्ध में निम्न प्रकार की कार्यवाही की जायेगी।

1. जिला योजना के अन्तर्गत आवंटित कोड संख्या 2851–4010 के अन्तर्गत जिला ग्रामोघोग अधिकारी जिला ऋण योजना में आवंटन/मांग की गयी बैंक ऋण राशि के दसवें हिस्से के बाराबर की धनराशि की मांग प्रस्तुत करेंगे।

   नोटः– यह भी स्पष्ट करना आवश्यक है कि जिला ऋण योजना में मांग की जाने वाली धनराशि सम्बन्धित वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित इकाईयों व गत वर्ष में कार्यरत इकाईयों की धनराशि भी शामिल की जायेगी।

2. जिला योजना में आवंटित धनराशि, सम्बन्धित जिला के मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आहरित कर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी/प्रबन्धक (ग्रामोद्योग) को उपलब्ध करायी जायेगी जिसे जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मूल योजना के प्रस्तर–11 में लिखित बैंक/बैंकों में शीर्षक **"मुख्य मंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना"** उपादान धनराशि वर्ष ....अन्तर्गत खाता खोलकर जमा करायेंगे जिसकी सूचना मुख्यालय को प्रेषित करेंगे।

3. उक्त खाता से चेक/ड्राफ्ट जिले के विभिन्न बैंकों के सम्बन्धित बैंको की शाखा द्वारा निर्धारित प्रारूप **परिशिष्ट 'ख' एवं 'ग'** के अनुसार प्राप्त होने पर भुगतान हेतु चेक/ड्राफ्ट जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जारी करेंगे तथा सभी लेन–देन का लेखा–जोखा एक रजिस्टर पर अंकित करेंगे। प्रत्येक कलेण्डर माह पर उक्त रजिस्टर का पूर्ण विवरण (बैंक

PDF created with pdfFactory Pro trial version www.pdffactory.com

खाते का मिलान) मुख्यालय के **"मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना"** अनुभाग को प्रेषित किया जायेगा।

12—सम्बन्धित उद्योगः—

इस योजना के अन्तर्गत खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग, मुम्बई, सम्प्रति, आयुक्त, खादी एवं ग्रामोद्योग, भारत सरकार, मुम्बई द्वारा समय—समय पर चिन्हित उद्योग एवं सेवा गतिविधियों से सम्बन्धित नाबार्ड द्वारा अनुमोदित प्रोजेक्ट स्थानीय उपायुक्त के अनुरूप ग्रामोद्योग इकाईयों के प्रोजेक्ट दिये जायेंगे **जो 10.00 लाख रु0 तक की लागत के होंगे।** वर्तमान में चिन्हित उद्योगों/सेवा गतिविधियों की सूची **परिशिष्ट 'घ'** पर संलग्न है।

13— ऋण वितरण—ब्याज उपादान सम्बन्धी प्रकिया

1. योजना के **प्रस्तर 4** के अन्तर्गत वर्णित पात्र उद्यमियों के ऋण प्रार्थना—पत्र विभिन्न संस्थाओं/उद्यमियों के व्यक्तिगत सम्पर्क/विभिन्न राजकीय विभागों व स्थानीय समाचार पत्रों में विज्ञप्ति द्वारा समय—समय पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जायेगा। ऋण प्रार्थना पत्र यथा सम्भव बैंकों द्वारा निर्धारित प्रार्थना—पत्र पर लिये जायेंगे। यदि प्रार्थना—पत्र मिलने में असुविधा होती है तो बोर्ड द्वारा व्यक्तिगत उद्यमियों के प्रार्थना पत्र प्रयोग में लाये जा सकते हैं, जिनसे बाद में बैंक द्वारा निर्धारित प्रारूप पर प्रार्थना पत्र प्राप्त कर लिया जायेगा।
2. इस प्रकार प्राप्त उक्त प्रार्थना पत्रों की सूची जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा एक रजिस्टर में अंकित करने के बाद चयन हेतु गठित समिति के सभी सदस्यों को उपलब्ध करायी जायेगी तथा चयन समिति की बैठक में चयनित उद्यमियों को ऋण प्रार्थना पत्र उद्यमियों द्वारा प्रस्तावित बैंक शाखा में पत्र द्वारा प्रेषित किये जायेंगे।
3. उद्यमियों के चयन मापदण्ड हेतु योजना के प्रस्तर 4, 5 व 6 में निहित निर्देशों का पालन किया जाना आवश्यक है।
4. सम्बन्धित बैंक के शाखा प्रबन्धक, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा प्रेषित प्रार्थना—पत्रों को शाखा के रजिस्टर में मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना शीर्षक के अन्तर्गत करेंगे और ऋण स्वीकृति सम्बन्धी अन्य आवश्यक कार्यवाही/औपचारिकताएं रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित समय—सारिणी के अनुसार (अधिकतम 06 सप्ताह के अन्दर) प्रार्थना—पत्रों का निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।
5. ऋण स्वीकृति की सूचना बैंक शाखा द्वारा सम्बन्धित जिला ग्रामोद्योग अधिकारी व उद्यमियों को बैंक द्वारा दी जायेगी।
6. यदि किसी प्रार्थना—पत्र को शाखा द्वारा अनुपयुक्त पाया जाता है तो उसकी विस्तृत जानकारी सहित सूचना अपने बैंक के नियंत्रण अधिकारी को शाखा द्वारा दी जायेगी।
7. शाखा से प्राप्त इस प्रकार के प्रार्थना—पत्रों का परीक्षण बैंक के नियंत्रण अधिकारी द्वारा करने के पश्चात् यदि प्रार्थना—पत्र निरस्त किया जाता है तो समुचित कारणों के साथ जिला ग्रामोद्योग अधिकारी को प्रार्थना—पत्र नियंत्रण अधिकारी/शाखा प्रबंधक द्वारा प्रेषित किया जायेगा। किसी प्रार्थना—पत्र के निरस्त करने का

PDF created with pdfFactory Pro trial version www.pdffactory.com

अधिकार बैंक से सम्बन्धित शाखा के नियंत्रक अधिकारी में निहित होगा। बैंक की शाखाएं प्रत्येक प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध में निरस्त/स्वीकृति का रिकार्ड रजिस्टर में रखेंगे।

8. स्वीकृत प्रार्थना–पत्रों की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद बैंक द्वारा ऋण वितरित किया जायेगा तथा प्रोजेक्ट पूरा होने/पूर्ण ऋण वितरित होने के बाद बैंक शाखा द्वारा इसकी सूचना जिला ग्रामोद्योग अधिकारी को दी जायेगी।
9. उद्यमी के खाते में बैंक के नियमानसुार **छमाही ब्याज** लगाया जायेगा जिसका विवरण (बिल) **परिशिष्ट 'ख' एवं 'ग'** पर बैंक शाखा द्वारा सम्बन्धित जिला ग्रामोद्योग अधिकारी को दो प्रतियों में प्रेषित किया जायेगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी से प्राप्त उक्त बिल का परीक्षण अपने स्तर से करके बिल का भुगतान **परिशिष्ट 'ख' एवं 'ग'** पर करते हुए उसकी एक प्रति व उससे सम्बन्धित धनराशि के चेक/ड्राफ्ट के साथ बैंक की शाखा को यथा शीघ्र प्रेषित कर देंगे और इसका रिकार्ड **प्रस्तर–11** में उल्लिखित रजिस्टर में अंकित करेंगे।
10. बैंक शाखा प्रबंधक उक्त खाते से सम्बन्धित भुगतान का चेक/ड्राफ्ट सम्बन्धित उद्यमी के ऋण खाते में समायोजित कर देंगे। **यह प्रकिया प्रत्येक 06 मास ब्याज** लगाने के उपरान्त की जायेगी।
11. किसी भी उद्यमी को इस योजना के अन्तर्गत ऋण स्वीकृत होने के पश्चात् ब्याज उपादान का लाभ निम्न परिस्थितियों में देय नही होगा :–

(क) यदि उद्यमी ने ऋण का दुरूपयोग किया हो।

(ख) यदि उद्यमी ने प्रोजेक्ट का कार्य पूरा नही किया और जानबूझकर चूक कर रहा हो।

(ग) यदि खाता बैंक द्वारा डिफाल्ट घोषित किया गया हो।

(घ) यदि इकाई उत्पादन/सेवा कार्य नही कर रही हो अथवा बन्द हो।

नोट–: किसी भी दैवी आपदा के कारण या असामयिक दुर्घटना के कारण यदि उद्यमी का उद्योग प्रभावित होता है तो इसका परीक्षण बैंक शाखा प्रबन्धक व जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से किया जायेगा और उनकी संस्तुतियों के आधार पर उद्यमी को ब्याज उपादान देने के सम्बन्ध में निर्णय बोर्ड मुख्यालय द्वारा किया जायेगा।

14– अतिरिक्त कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराना

यदि इकाई द्वारा कोई बड़ा आपूर्ति आदेश/निर्यात का आदेश प्राप्त होता है जिसके लिये अतिरिक्त कार्यशील पूंजी की आवश्यकता है तो ऋण दाता बैंक को अतिरिक्त कार्यशील पूंजी/सी0सी0लिमिट बढ़ाने पर विचार करना होगा।

PDF created with pdfFactory Pro trial version www.pdffactory.com

15—जागरूकता प्रशिक्षण शिविर

मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को आकर्षित करने तथा ग्रामीण क्षेत्र के जन—मानस को योजना की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जागरूकता प्रशिक्षण शिविरों के ब्लाक स्तर पर आयोजन हेतु ब्याज

उपादान हेतु **शासन से स्वीकृत धनराशि का 01 प्रतिशत धनराशि का प्राविधान निहित होगा।**

16—योजना का प्रचार—प्रसार

योजना के प्रचार—प्रसार, सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग, योजना की जानकारी हेतु पम्पलेट/हेण्डबिल्स के मुद्रण, प्रिंटिंग तथा रेडियो व टी0वी0 के माध्यम से **प्रचार—प्रसार हेतु कुल ब्याज उपादान की 01 प्रतिशत धनराशि का प्राविधान निहित होगा।**

17—इकाईयों का पुर्नजीवीकरण

पूर्व में वित्तपोषित इकाईयॉ यदि किसी दैविक आपदा/असामयिक दुर्घटना के कारण अथवा अपरिहार्य कारण से रुग्ण अथवा मृत हो जाती है तो जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा कारणों का आकलन कर इकाई के पुर्नजीवीकरण पर विचार कर पुनः वित्त पोषित किये जाने का निर्णय लिया जायेगा जिसमें भी नियमानुसार ब्याज उपादान देय होगा।

18—योजना का मूल्यांकन एवं अनुश्रवण

योजना के सफल संचालन हेतु इकाईयों के भौतिक सत्यापन, मुल्यांकन एवं योजना के संचालन में आ रही कठिनाईयों के आकलन हेतु **जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा शत—प्रतिशत, परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा 20 प्रतिशत तथा मुख्यालय स्तर के अधिकारियों द्वारा 5 प्रतिशत** किया जायेगा। इसके अतिरिक्त नियोजन विभाग के राज्य मूल्यांकन एवं अनुश्रवण प्रभाग द्वारा भी समय—समय पर योजना का रैण्डम मूल्यांकन कराया जायेगा, जिसके लिये ब्याज उपादान के **कुल बजट का 01 प्रतिशत बजट प्राविधान** योजना के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण हेतु निहित होगा।

19—वसूली

यदि इकाई जानबूझकर ऋण धनराशि का दुरुपयोग करती है अथवा इकाई का परियोजनानुसार स्थापना एवं संचालन नही होता है तो ऐसी दशा में बैंकों द्वारा ऋण वसूली इकाई से पूर्ण की जायेगी एवं विभाग द्वारा दी गयी सरकारी अनुदान (ब्याज उपादान) की धनराशि भी बैंकों द्वारा वसूल किया जायेगा। वसूली की गयी सरकारी अनुदान (ब्याज उपादान) धनराशि को बोर्ड मुख्यालय पर खाता खोलकर रखा जायेगा तथा पुनः आवश्यकतानुसार पूर्ण उपयोगित किया जायेगा।

बैंक द्वारा वसूली गयी धनराशि का 10 प्रतिशत अथवा ब्याज उपादान के रूप में दी गयी धनराशि जो भी कम हो वह बैंक द्वारा वसूल कर उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड को दी जायेगी।

PDF created with pdfFactory Pro trial version www.pdffactory.com

"परिशिष्ट–क"

मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना

पत्रांक /खा0ग्र0बो0/मु0मं0ग्रा0रो0यो0/जि0/परि0/ग्रा0का दि0

ब्याज उपादान पात्रता प्रमाण पत्र

उद्यमी का पूरा नाम..
उद्यमी का पूरा पता..
उद्योग ....उद्देश्य..
ऋण की मात्रा.....................सावधि ऋण..का0पूंजी................................
उद्यमी ऋण हेतु दिये गये प्रार्थना पत्र की धनराशि रु0...
के विपक्ष में उद्यमी को रु0 ....तक के ऋण पर वर्ष ....हेतु ब्याज उपादान प्रमाण पत्र निम्न शर्तों पर जारी किया जाता है–:

1– यद्यपि उद्यमी से प्राप्त ऋण प्रार्थना पत्र पर ऋण की स्वीकृति या निरस्तीकरण का पूर्ण अधिकार बैंक का होगा, तथापि यदि बैंक किसी प्रार्थना पत्र को निरस्त करता है तो बैंक बोर्ड के जिला ग्रामोद्योग अधिकारी को प्रार्थना पत्र निरस्त किये जाने का समुचित कारण बताएगा।

2– उद्यमी को बैंक अपनी ब्याज दर पर नियमानुसार ऋण स्वीकृत करेगा, ब्याज उपादान का भुगतान उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा किया जायेगा। **शासनादेश सं0–614/59–खा–94–31(खा)/94, दिनांक 16 जून, 2004** के अनुसार 4 प्रतिशत की दर से ब्याज उद्यमी को स्वयं वहन करना होगा तथा शेष ब्याज अधिकतम 10 प्रतिशत तक ब्याज की धनराशि राज्य सरकार द्वारा ब्याज उपादान के रूप में वहन किया जायेगा, जो निम्न शर्तों पर देय होगा। शेष ब्याज की धनराशि भी उद्यमी द्वारा वहन किया जायेगा। उद्यमी को ब्याज उपादान का लाभ उक्त सीमा तक ही दिया जायेगा।

3– आरक्षित वर्ग के लाभार्थियों (अनुसूचित जाति, अनु0जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिलायें एवं भूतपूर्व सैनिक) को जिला योजना के अन्तर्गत ब्याज की पूर्ण धनराशि ब्याज उपादान के रूप में उपलब्ध कराया जायेगा।

(1)– वह बैंक से लेन–देन करता रहेगा और खाता बैंक की सन्तुष्टि के अनुसार नियमित रूप से अपना खाता चलाता रहेगा, किसी भी दशा में जानबूझकर चूक (डिफाल्ट) किये गए खातों पर ब्याज उपादान देय नही होगा।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी

जिला..........................

पत्रांक /उक्त/ तद्दिनांक–
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1– शाखा प्रबन्धक..।
2– उद्यमी...।
3– उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी (मु0मं0ग्रा0रो0यो0) खादी बोर्ड, लखनऊ।
4– सम्बन्धित परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी

जिला–..........................

PDF created with pdfFactory Pro trial version www.pdffactory.com

"परिशिष्ट–ख"

मु0मं0ग्रा0रो0यो0 बिल (दावा फार्म)

सामान्य वर्ग हेतु

(बैंक द्वारा दो प्रतियों में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी को प्रेषित किया जायेगा)

बैंक का नामः–...
उद्यमी का नाम व पताः–...

सेवा में,

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी/
प्रबन्धक ग्रामोद्योग
खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड
जिला

महोदय,

मु0मं0ग्रा0रो0यो0 प्रमाण पत्र सं0...........................दिनांक......................... जो कि जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, खादी बोर्ड जिला.........................द्वारा जारी किया गया है। हम सुनिश्चित करते हैं कि टर्म लोन मद में रुपये................................उपरोक्त उद्यमी को स्वीकृत किया गया है।

उक्त खाते/खातों पर ब्याज दर क्रमशः रु0..............................वार्षिक है, को स्वीकृत किया गया है।

बिल का विवरण निम्नवत् हैंः–

ऋण धनराशि		ब्याज की धनराशि बैंक की सामान्य दरों पर			उद्यमी द्वारा वहन की जाने वाली 4 प्रतिशत दर पर धनराशि	बोर्ड द्वारा भुगतान की जाने वाली अंतर धनराशि
मूल स्वी0	बकाया धन0	अवधि	दर	धन0		
कार्यशील पूंजी						
सावधि ऋण						

हम प्रमाणित करते हैं कि, ब्याज उपादान की उक्त धनराशि खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड से बैंक को इसके पूर्व प्राप्त नही हुई है।

अग्रिम रसीद

खादी ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ में धनराशि रु0...**मु0मं0ग्रा0रो0यो0** दिनांक....................................से दिनांक................................तक श्री.................................के पक्ष में प्राप्त किया।

उद्यमी के हस्ताक्षर व पूरा नाम **एक रु0 के रसीदी टिकट पर**

शाखा प्रबन्धक के
हस्ताक्षर (मुहर सहित) :

PDF created with pdfFactory Pro trial version www.pdffactory.com

“परिशिष्ट–ग”

मु0मं0ग्रा0रो0यो0 बिल (दावा फार्म)

आरक्षित वर्ग हेतु

(अनुसूचित जाति, अनु जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विकलांग, महिलायें एवं भूतपूर्व सैनिक)

(बैंक द्वारा दो प्रतियों में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी को प्रेषित किया जायेगा)

बैंक का नामः–...
उद्यमी का नाम व पताः–...

सेवा में,
जिला ग्रामोद्योग अधिकारी/
प्रबन्धक ग्रामोद्योग
खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड
जिला

महोदय,

ब्याज उपादान/मु0मं0ग्रा0रो0यो0 प्रमाण पत्र सं0...........................दिनांक......................... जो कि जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, खादी बोर्ड जिला.........................द्वारा जारी किया गया है। हम सुनिश्चित करते हैं कि टर्म लोन मद में रुपये...............................उपरोक्त उद्यमी को स्वीकृत किया गया है।

उक्त खाते/खातों पर ब्याज दर क्रमशः रु0..............................वार्षिक है, को स्वीकृत किया गया है।

बिल का विवरण निम्नवत् हैः–

ऋण धनराशि		ब्याज की धनराशि बैंक की सामान्य दरों पर			बोर्ड द्वारा भुगतान की जाने वाली कुल धनराशि
मूल स्वी0	बकाया धन0	अवधि	दर	धन0	
कार्यशील पूंजी					
सावधि ऋण					

हम प्रमाणित करते हैं कि ब्याज उपादान की उक्त धनराशि खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड से बैंक को इसके पूर्व प्राप्त नही हुई है।

<u>अग्रिम रसीद</u>

खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, लखनऊ में धनराशि रु0...**मु0मं0ग्रा0रो0यो0** दिनांक.............................से दिनांक....................................तक श्री.....................................के पक्ष में प्राप्त किया।

उद्यमी के हस्ताक्षर व पूरा नाम **एक रु0 के रसीदी टिकट पर**

शाखा प्रबन्धक के
हस्ताक्षर (मुहर सहित) :

PDF created with pdfFactory Pro trial version www.pdffactory.com

"परिशिष्ट–घ"

नाम उद्योगः–

1. कुटीर कुम्हारी उद्योग
2. चूना पत्थर, चूना सिपी और अन्य चूना उत्पादन उद्योग
3. मन्दिरों एवं भवनों के लिये पत्थर कीक कटाई–पिसाई, नक्कासी तथा खुदाई
4. पत्थर से बनी हुई उपयोग वस्तुएं
5. स्लेट और स्लेट पेंसिल निर्माण
6. प्लास्टर ऑफ पेरिस का निर्माण
7. वर्तन धोने का पाउडर
8. जलावन के विकेट
9. सोने चांदी, पत्थर, सिपी एवं कृतिम सामग्रियों से आभूषणों का निर्माण
10. गुलाल रंगोली निर्माण
11. चूड़ी निर्माण
12. पेंट, रंजक, वार्निश औार डिस्टेम्पर निर्माण
13. कॉच के खिलौने का निर्माण
14. सजावटी शीशे की कटाइ, डिजाइनिंग, प्वालिसिंग
15. रत्न कटाई
16. हाथकागज उद्योग
17. कत्था उद्योग
18. गोंद और रेजिंग निर्माण
19. लाख निर्माण
20. कुटीर, दियासलाई उद्योग, पठाके एवं अगरबत्ती निर्माण
21. बास और बेत का कार्य
22. कागज के प्याले, तस्तरी, झोले एवं कागज के डिब्बों का निर्माण
23. कापियां जिल्दसाजी, लिफाफा निमार्ण, रजिस्टर निर्माण और कागज से बनाई जाने वाली अन्य लेखन सामग्रियॉं।
24. खस ठट्टी और झाड़ू निर्माण
25. बनोत्पादों का संग्रह प्रशोधन एवं पेंकिग
26. फोटो जड़ना
27. जूट उत्पादों का निर्माण (रेशम उद्योग के अन्तर्गत)
28. अनाज दाल, मसाजा, चटपटे मसाले आदि का प्रशोधन, पेकिंग एवं विपणन
29. ताड़गुड़ एवं अन्य ताड़ उत्पाद उद्योग
30. गन्ना गुड़ एवं बाण्डसारी निर्माण
31. मधुमक्खी पालन
32. अचार सहित फल और सब्जी का प्रशोधन परिक्षण एवं डिब्बा बंदी
33. घानी तेल उद्योग
34. नारियल जटा के अलावा रेशा
35. औषधि कार्यो के लिये जड़ी बूटियों का संग्रह
36. मकाई और रागी का प्रशोधन
37. मज्जा चटाईयों और हारों हादि का निर्माण
38. काजू प्रशोधन
39. दोना बनाना
40. नूडल बनाना
41. विद्युत चालित आटा चक्की
42. दलिया निर्माण
43. चावल से छिलका उतारने की छोटी इकाई
44. भारतीय मिष्ठान निर्माण
45. रसवन्ती गन्ना रसपान इकाई
46. मैंथा ऑयल तेल
47. दुग्ध उत्पादन निर्माण इकाई

PDF created with pdfFactory Pro trial version www.pdffactory.com

48. पशु चारा, मुर्गी चारा निर्माण
49. शवच्छेदन, चर्मशोधन तथा खाल, त्वचा से सम्बन्धित अन्य सहायक उद्योग एवं कुटीर चर्म उद्योग
50. कुटीर साबुन उद्योग
51. रबड़ वस्तुओं का निर्माण (डिप्टलेटेक्स उत्पाद)
52. रैक्सीन/पी0बी0सी0 के बने उत्पाद
53. हाथी दॉत समेत सींग एवं हड्डी उत्पाद
54. मोमबत्ती, कपूर और मोहर वाली मोम का निर्माण
55. प्लास्टिक की पैकेजिंग वस्तुओं का निर्माण
56. बिंदी निर्माण
57. मेंहदी निर्माण
58. इत्र निर्माण
59. शैम्पू निर्माण
60. केश तेल निर्माण
61. डिटर्जेन्ट और धुलाई, पाउडर (आविषाक्त)
62. बढ़ई गीरी
63. लोहारी
64. अल्युमिनियम के घरेलू उत्पादन
65. गोबर और अन्य अपशिष्ट उत्पादों जैसे मृत्यु पशु के मास मल आदि से खाद और मीथेन (गोबर गैस) का उत्पादन और उपयोग
66. कागज पिन, क्लिप, सेफ्टी पेन, स्ओप पिन आदि का निर्माण
67. सजावटी बल्बो, बोतलों, ग्लासों आदि का निर्माण
68. छापा उत्पादन
69. सौर तथा पवन ऊर्जा उपकरण
70. हस्त निर्मित पीतल के बर्तनों का निर्माण
71. हस्त निर्मित तांबे के बर्तनों का निर्माण
72. हस्त निर्मित कॉसे के बर्तनों का निमार्ण
73. पीतल तांबे और कॉसे से अन्य वस्तुओं का निर्माण
74. रेडियों निर्माण
75. कैसेट प्लेयर का निर्माण चाहे वह रेडियों में लगा हो या न हो
76. कैसेट रिकार्डर का निर्माण
77. वोल्टेज स्टेपलाइजर का उत्पादन
78. इलेक्ट्रानिक घड़ियों का निर्माण
79. लकड़ी पर नक्कासी और कलात्मक फर्नीचर निर्माण
80. टीन कार्य
81. मोटर वाइन्डिंग
82. तार की जाली बनाना
83. लोहे की झंझरी (ग्रिल) निर्माण
84. ग्रामीण यातायात वाहन जैसे हाथ गाड़ी, बैल गाड़ी, छोटी नाव, दुपहिया साईकिल/साईकिल रिक्शा, मोटरयुक्त गाड़ियों आदि का निर्माण
85. संगीत साजों का निर्माण
86. केंचुआ पालन तथा कचरा निपटारा
87. पाली वस्त्र यानी यानि ऐसा वस्त्र जो भारत में मानव निर्मित रेशे की रूई, रेशम या ऊन के साथ या इसमें से किसी दो या सभी को मिलाकर हाथ से काता गाय तथा हथकरघे पर बुना गया हो या भारत में बना ऐसा वस्त्र जो हाथ कते मानव निर्मित रेशों के धागे को सूती, रेशमी या ऊनी धागे या इसमें से किसी दो धागे या सभी धागों को मिलाकर हथकरघे पर बुना गया हो।
88. लोक वस्त्र का निर्माण
89. होजरी
90. सिलाई और सिली–सिलाई पोशाक तैयार करना
91. हाथ से मछली मारने वाले नायलोन/सूती जाल तैयार करना
92. छींटकारी
93. खिलौना और गुड़ियों का निर्माण
94. कशीदाकारी
95. शल्य चिकित्सकीय पट्टी का निर्माण
96. स्टोव की बत्तियां

PDF created with pdfFactory Pro trial version www.pdffactory.com

97. धागे का गोला, ऊनी गोला तथा लच्छी निर्माण
98. पारम्परिक पोशाक
99. दरी बुनाई
100. धुलाई
101. नाई
102. नलसाजी
103. बिजली की वायरिंग और घरेलू इलेक्ट्रानिक्स उपकरणों की मरम्मत
104. डीजल इंजनों, पम्पसेटों आदि की मरम्मत
105. टायर बल्कनीकरण (रिट्रीडिंग) इकाई
106. छिड़काव, कीटनाशक, पम्पसेटों आदि के लिए कृषि सेवा कार्य
107. लाउड स्पीकर, ध्वनि प्रसारक, माइक आदि ध्वनि प्रणालियों को किराये पर देना
108. बैटरी मरना
109. कलाफलक चित्रकारी
110. साइकिल मरम्मत की दुकानें
111. राजगीर
112. ढाबा (शराब रहित)
113. चाय की दुकान
114. चिकन इम्ब्रायडरी
115. बैण्ड मण्डली
116. आयोडीन युक्त नमक

*** उक्त के अतिरिक्त नाबार्ड द्वारा अनुमोदित प्रोजेक्ट भी शामिल है।**

PDF created with pdfFactory Pro trial version www.pdffactory.com

SCHEDULE

SCHEME FOR PROVIDING FINANCIAL ASSISTANCE TO INDIVIDUAL ENTREPRENEURS BY COMMERCIAL BANKS AND REGIONAL RURAL BANKS UNDER 'CHIEF MINISTER VILLAGE INDUSTRIES EMPLOYMENT SCHEME' OF U.P. KHADI AND VILLAGE INDUSTRY BOARD:

1- OBJECTIVE

With a view to discourage the migration of rural educated youth to the urban areas and to solve the problem of unemployment rappidley increasing the captioned scheme has been formulated to provide financial assistance to the rural individual entrepreneurs to the tune of Rs. 10-00 lacs by the Banks, under this scheme over and above rate of interest of @ 4%, which is subject to 10% will be borne as the Interest Subsidy for general candidates and for reserved categories (SC/ST,OBC,Women,ex-serviceman,PH/VH) rate of interest will be fully exempted and borned by the government of U.P. as interest subsidy. The commercial banks and Regional Rural Banks under which service area approach the villages or rural areas fall will provide bank loan as per rules. In Districts, the scheme will be implemented by Khadi & Village Industry board under direct control of District Magistrate.

2- PERIOD OF SCHEME

This scheme will remain in operation for a period of five years from the date of issue of notification as state sponsored scheme.

3- AREA OF OPERATION

Rural areas as defined under the U.P. Panchayat Raj Adhiniyam by the State Govt. and rural areas as defined by Khadi Village Industries commission/Reserve Bank of India from time to time.

4- ELIGIBLE ENTREPRENEURS

Under this scheme entrepreneurs will be benefited mainly on the following merits :-

[1] Preference will be given to the candidates trained by Industrial Training Institute/Ploytechnic.
[2] Educated unemployed youth whose age for Govt. service has expired.
[3] A candidate trained under TRYSEM and any other Govt. scheme.
[4] Traditional artisan
[5] Women interested in self employment.
[6] Candidate passed commercial education [10+2 with village industry as a subject.]
[7] Who has registered himself in Employment Exchange of the concerned district.

--2/

PDF created with pdfFactory Pro trial version www.pdffactory.com

5- IDENTIFICATION OF BENEFICIARY

The District Level Committee, headed by DM/CDO/SDM as constituted for other State Sponsored Schemes will identify the borrowers or by the committee as constituted by U.P. Khadi Village Industry Board. Before sanctioning loan, it is to be ensured that the borrowers have acquired training and should be the bonafide resident of the village & permanently residing there. He should have required margin money for establishment of unit.

6- ELIGIBILITY CRITERIA FOR SELECTION

1- Borrowers should not be below the age of 18 years and not more than 50 years.
2- 50% of the borrowers should be from SC/ST /O.B.C. category.
3- Gramodyog units should be identified based upon the availability of raw materials locally for identified beneficiaries.
4- Preferences will be given to such units which would be engaged in production of commodities to meet out the daily necessities of local cousumers.

7- QUANTOM OF LOAN

Under the scheme in first phase the eligible beneficiary will get interest subsidy for the loan upto Rs.10.00 lakhs for Term Loan/Working Capital. Self contribution of the Bank Loan for general category will be 10% and for SC/ST/Women/PH/OBC/Ex-serviceman 5% of the total project cost.

8- MARGIN MONEY/SECURITY AND GUARANTEE

Margin money/Security and guarantee will be taken as according to the guidelines issued by Reserve Band Of India time to time.Up to Rs. 5.00 lacs loan gurantee is exempted by the Reserve Bank of India.

9- REFINANCE

Under the scheme refinance will be made available by SIDBI/NABARD.

10- INTEREST SUBSIDY ELIGIBILITY CERTIFICATES

